## माता पिता का योग दान

### 3. धन एकत्रित करने की गतिविधियाँ:

कई विशेष कार्यक्रम या गतिविधियाँ जिनको शिक्षा मंत्रालय से वित्तीय सहायता प्राप्त नहीं हैं, उन्हें चलाने के लिए स्कूल अक्सर धन की गतिविधियाँ करते रहते हैं। सभी बच्चों को अतिरिक्त गतिविधियों में सम्मिलित करने के लिये स्कूलों के धन इकठ्ठे करने के प्रयासों में माता पिता निम्नलिखित प्रकार से योग दान कर सकते हैं:

- 'फील्ड ट्रिप्स ' या 'फील्ड स्टडीज़' जैसे कि संग्रहालय का दौरा।
- दिन या रात भर के कैम्पिंग ट्रिप्स।
- खेल गतिविधियों (तैराकी प्रतियोगिताएँ, टेनिस सबक, आदि)।
- प्रदर्शन कला गतिविधियाँ जैसे कि संगीत, नृत्य या नाटक।
- सांस्कृतिक समारोह और / या प्रदर्शन।

उपरोक्त के अलावा, कई स्कूल सामाजिक ज़िम्मेदारी को प्रोत्साहित करने के लिए विशेष मनोरथों का समर्थन करते हैं।

### 4. माता पिता सलाहकार समिति पेरेंट एडवाईज़री कमिटी (पीएसी):

हर स्कूल में एक पीएसी होती है * । इसके सदस्य माता पिता और स्कूल प्रशासन (प्रिंसिपल या वाइस प्रिंसिपल) होते हैं। शिक्षकों को भी इसमें शामिल किया जा सकता है। PACs सभी माता पिता को आमंत्रित करते हैं और नए माता पिता का स्वागत करते हैं। अगर जरूरत हो तो वे दुभाषिए प्रदान करने में सक्षम होते हैं । पीएसी की बैठक महीने में एक बार, अक्सर शाम के समय होती है। पीएसी के मुख्य उद्देश्य हैं स्कूल और स्कूल कम्युनिटी को एक बेहतर, सुरक्षित जगह बनाना और लक्ष्यों और उद्देश्यों को निर्धारित करने के ऊपर चर्चा करना ।

पीएसी स्कूल के लिए निम्न उपक्रमों के लिए धन एकत्र करने के तरीके खोजने भी मदद कर सकती है:

- नए खेल उपकरणों के लिए धन संग्रह।
- जिम उपकरणों का सुधार और / या बदलना।
- स्कूल के कंप्यूटर और / या सॉफ्टवेयर का अपग्रेड।
- सामाजिक ज़िम्मेदारी के कार्यक्रमों को बढ़ावा देने के लिए सहायता।

* कृपया 'माता पिता सलाहकार समिति': ' पेरेंट एडवाईज़री कमिटी (पी ए सी)' ब्रोशर देखें।

कैनेडा के स्कूल, माता पिता के योग दान का स्वागत करते हैं। कैसे आप अपने बच्चे के स्कूल में शामिल हो सकते हैं, इसे जानने के लिए अपने बच्चे के शिक्षक या स्कूल प्रशासक से बात करें।

VSB

**“Parent Involvement in Schools”**

[Hindi]

यह ब्रोशर वैनकूवर स्कूल बोर्ड के सैटलमेंट वर्कर्ज़ (VSB SWIS) द्वारा प्रायोजित किये गए कई ब्रोशरों में एक है। इसकी रचना कुछ ई.एस.एल. (ESL/ELL) शिक्षकों तथा वैनकूवर स्कूल बोर्ड के मल्टीकल्चरल लिएजों वर्कर्ज़ (VSB MCLW) ने की है।

Canada   British Columbia   WelcomeBC

यह ब्रोशर कनाडा और ब्रिटिश कोलंबिया प्रांत की सरकार से धन के माध्यम से संभव बनाया गया है।

# स्कूलों में माता पिता का योग दान




## प्राथमिक (एलीमेंटरी)

## माता पिता के योग दान का क्या अर्थ है?

माता पिता की सहभागिता का अर्थ है अपने बच्चों की शिक्षा में शामिल होना। माता पिता द्वारा अपने बच्चों का घर * पर और स्कूल में प्रत्यक्ष प्रोत्साहन भी इसमें शामिल है।

आपके बच्चे के स्कूल में आपका प्रोत्साहन निम्न प्रकार से हो सकता है:

- स्कूल के कार्यक्रमों और बैठकों में भाग लेना।
- कक्षा में सहायता।
- विशेष अवसरों, खेल टीमों, और क्लबों में हाथ बंटाना।

## माता पिता के योग दान का क्या महत्व है?

अनुसंधान से पता चलता है कि माता पिता की सहभागिता से बच्चे की ज्ञान प्राप्ति में सुधार होता है।

## मैं कैसे और अधिक सहभागी हो सकती/सकता हूँ?

माता पिता कई प्रकार से अपने बच्चे की शिक्षा में सहभागी हो सकते हैं।

* देखें ब्रोशर "अपने बच्चे को घर पर शिक्षा देने की सहायता करने के तरीके"

## 1. शिक्षक के साथ बैठक:

माता पिता अपने बच्चों के शिक्षकों के साथ कई तरीकों से मिल सकते हैं। यह हर स्कूल के लिए भिन्न-भिन्न हो सकते हैं।

- **शिक्षक के साथ संध्या कालीन बैठक** स्कूल वर्ष के शुरू में शिक्षकों से मिलने का एक अवसर है। यह एक ऐसी शाम है जहाँ आप को बच्चे के शैक्षिक कार्यक्रम और आगामी स्कूल वर्ष के बारे में जानकारी मिलती है।
- **लक्ष्य निर्धारण बैठकें** माता पिता के लिए अपने बच्चे के विशिष्ट ज्ञान प्राप्त करने के लक्ष्य पर चर्चा के लिए अवसर हैं।
- आमतौर पर रिपोर्ट कार्ड घर भेजने से पूर्व, प्रत्येक वर्ष **अभिभावक शिक्षक बैठकें** (पेरेंट टीचर कांफेरेंसस) दो या तीन बार निर्धारित होती हैं । यह बैठकें अभिभावकों और शिक्षकों को बच्चे के स्कूल में प्रदर्शन की समीक्षा करने, सफलता का जश्न मनाने, और यदि आवश्यक हो तो बच्चे के बेहतर करने की योजना बनाने का मौका देती हैं।
- **माता पिता या शिक्षक द्वारा बुलाई गयी बैठकें** आपके या शिक्षक के अनुरोध पर की जाती हैं। यह कभी भी आपके बच्चे की प्रगति पर चर्चा करने के इच्छा होने पर बुलाई जा सकती हैं।

यदि आपको दुभाषिए की जरूरत है तो वह उपलब्ध हो सकता है। इस प्रकार की नियोजित भेंटों के लिए समय पर पहुँचाना बहुत महत्वपूर्ण है।

## 2. स्कूल में स्वयं सेवा (वलंटीअरिंग ):

आप किस प्रकार से स्वयं सेवा कर सकते हैं, यह हर स्कूल में भिन्न भिन्न तरीकों से हो सकता है। कुछ स्कूलों को छोटी अवधि की प्रतिबद्धता की ज़रुरत होती है तो अन्य स्कूलों को लंबे समय का वाएदा चाहिए होता है।

### थोड़े समय(शॉर्ट टर्म) के लिये स्वयं सेवा

**'फील्ड ट्रिप्स ' या 'फील्ड स्टडीज़'**

शिक्षक कक्षाओं को बाहर विशेष दौरे पर ले जाने के समय अक्सर वयस्कों की सहायता मांगते हैं। आपकी सहायता आपके बच्चे सहित सभी बच्चों की यात्रा को सुरक्षित एवं और अधिक मनोरंजक बना देगी।

**विशेष स्कूल समारोह**: स्कूलों में अक्सर विशेष समारोह होते रहते हैं जिनमें अतिरिक्त वयस्क सहायता की आवश्यकता होती है।यह समारोह इस प्रकार के होते हैं:

- संगीत-समारोह और नाटक।
- विज्ञान मेले।
- बहुसांस्कृतिक शामें और रात्रिभोज.
- खेल दिवस।

### अधिक समय (लॉन्ग टर्म) की स्वयंसेवा

**कक्षा में स्वयंसेवा** : माता पिता अक्सर अपने बच्चे की कक्षा में सप्ताह में एक या दो दिन, एक या दो घंटे के लिए स्वयंसेवा करते हैं। माता पिता निम्न क्षेत्रों में मदद करते हैं :

- छोटे समूहों में बच्चों के साथ पुस्तक पढना।
- विशेष विषय, जैसे कि कला या गणित में, एक बच्चे या बच्चों के छोटे समूह की मदद।
- स्कूल, कक्षा बुलेटिन-बोर्ड इत्यादि को सजाने के लिए या अन्य कार्यों के लिए मदद।

अन्य क्षेत्र जिनमें लंबी अवधि की स्वयं सेवा की ज़रुरत हो सकती है:

- स्कूल के कार्यालय में विशिष्ट कार्यक्रमों, जैसे कि सुरक्षित आगमन कार्यक्रम, जो कई स्कूलों में चलाया जाता है के लिए मदद।
- पुस्तकालय में किताबें करीने से रखने या बाहर जाने वाली पुस्तकों की जाँच के कार्य में सहायता.
- यदि स्कूल में 'दोपहर के भोजन का कार्यक्रम' है तो उस में मदद।
- खेल और टीमों की मदद।